हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

क्र. 1243/प्रवेश/2021 | दुर्ग, दिनांक 06.09.2021

//अधिसूचना//

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटलनगर द्वारा प्रेषित पत्र क्र. 1901/214/आउशि/सम./2021 दिनांक 02.09.2021 के तारतम्य से सत्र 2021-22 में विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातक/स्नातकोत्तर/पीजी डिप्लोमा/डिप्लोमा एवं अन्य समस्त शेष पाठ्क्रमों के प्रथम सेमेस्टर/वर्ष में नियमित प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राओं से सीटें रिक्त होने की स्थिति में ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश आवेदन फार्म भरने की तिथि में निम्नानुसार वृद्धि की जाती है, जो निम्नानुसार हैः--

क्र.	विवरण	पूर्व घोषित तिथि	संशोधित तिथि
1	ऑनलाईन प्रवेश फार्म भरने की तिथि (महाविद्यालयों में सीटें रिक्त होने की स्थिति में)	01.09.2021 से 07.09.2021 तक	15.09.2021 तक
2	मेरिट सूची जारी करने की तिथि	08.09.2021 तक	16.09.2021 तक
3	संबंधित महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रकिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि	15.09.2021 तक	17.09.2021 तक

- प्रायः यह देखा जा रहा है कि महाविद्यालयों द्वारा प्रवेशित छात्रों की जानकारी को विश्वविद्यालयीन प्रवेश पोर्टल पर सत्यापित नहीं किया जा रहा है जिससे संबंधित महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों की संख्या निरंक प्रदर्शित हो रही है, चूंकि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेशित छात्रों की संख्यात्मक जानकारी समय–समय पर मांगी जाती है, अतः महाविद्यालयों को पुनः निवेदन किया जाता है कि वे संपूर्ण दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात विद्यार्थियों को प्रवेश देने के पश्चात प्रवेश पोर्टल पर जाकर संबंधित विद्यार्थी के डाटा को **Admitted** करेंगे। महाविद्यालय द्वारा प्रवेशित छात्रों के आवेदन को संबंधित महाविद्यालय द्वारा **Admitted** करना अनिवार्य है। तत्पश्चात ही उनकी प्रवेश की प्रकिया पूर्ण मानी जायेगी।
- जिन महाविद्यालयों में सीट रिक्त नहीं है उन्हें विश्वविद्यालय के ई–मेल (**exam@durguniversity.ac.in**) पर प्रवेश पोर्टल बंद करने हेतु पत्र प्रेषित करना अनिवार्य है तभी संबंधित महाविद्यालय का प्रवेश पोर्टल बंद किया जावेगा।
- शेष दिशा–निर्देश पूर्ववत ही रहेंगे।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय

पृ.क्र. 1244/प्रवेश/2021 | दुर्ग, दिनांक 06.09.2021

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा/राजनांदगांव/कबीरधाम/बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय